RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com PK Times News thepktimesofficial pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com

अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए.. विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता ही है...!

वर्ष - 12 | अंक - 268 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026

# जेजेएम घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल को एसीबी ने गिरफ्तार किया

**लोक टुडे**
**जयपुर/दिल्ली**

राजस्थान में बहुचर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम उन्हें जयपुर लेकर पहुंची, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। एसीबी के एडीजी गोविंद गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सुबोध अग्रवाल लंबे समय से फरार चल रहे थे और उनकी तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद अब उन्हें निर्धारित समय के भीतर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### गिरफ्तारियां हो सकती है

गोविंद गुप्ता का कहना है कि सुबोध अग्रवाल से पूछताछ के आधार पर और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस हाई-प्रोफाइल मामले में आने वाले दिनों में बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। आपको बता दे इस मामले में पूर्व मंत्री महेश जोशी भी गिरफ्तार हो चुके है।



### 960 करोड़ के टेंडर में अनियमितता का आरोप

एसीबी के एडीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत करीब 960 करोड़ रुपये के टेंडर गलत तरीके से जारी किए गए। आरोप है कि इन टेंडरों में नियमों को दरकिनार कर चुनिंदा फर्मों को फायदा पहुंचाया गया। इस मामले में "गणपति ट्यूबवेल" समेत अन्य फर्मों को अनुचित लाभ देने की बात सामने आई है।

### खुल सकते हैं और राज:

इस घोटाले में अब तक करीब 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच में कई अधिकारियों और संबंधित लोगों की भूमिका सामने आई है। एसीबी ने स्पष्ट किया कि मामले में शामिल अन्य लोगों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों के अनुसार किसी को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर कोर्ट में पेश करना होता है। इसलिए अभी इस घोटाले को लेकर अग्रवाल से पुछताछ की जाएगी। उसके बाद कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। एडीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि सुबोध अग्रवाल से पूछताछ के दौरान टेंडर प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं और नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है। साथ ही आय से अधिक संपत्ति के एंगल से भी जांच की जा रही है। इस दौरान एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव, डीआईजी डॉ. रामेश्वर सिंह, और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### 55 करोड का फर्जी पैमेंट,101 इंजीनियर्स फंसे:

राजस्थान के जल जीवन मिशन घोटाले में 15 गिरफ्तारी के बाद भी पीएचईडी के बड़ी संख्या में इंजीनियर्स की मुश्किलें बढ सकती है। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो 101 दोषी इंजीनियर्स की लिस्ट जलदाय विभाग ने एसीबी मुख्यालय को सौंपी है । अब जेजेएम एसआईटी इन इंजीनियर्स की मिलीभगत की जांच करेगी.माना जा रहा है कि जयपुर रीजन 1,2 और अलवर रीजन में श्रीश्याम और गणपति ट्यूबवेल फर्म को फर्जी पैमेंट मामले में एसीबी एक्शन ले सकती है । पीएचईडी की 10% जांच में सामने आया था कि इंजीनियर्स ने 70% से 90% तक दोनों फर्मों को 55 करोड़ तक का फर्जी भुगतान किया । इंजीनियर्स ने जयपुर में 10 करोड़,कोटपूतली बहरोड में 14 करोड़, दौसा में 19,अलवर में 3,नीमकाथाना और झुंझुनू में 2.50-2.50 करोड़ का बिना काम के फर्जी पैमेंट किया. ये सूचना ईडी को सौंपी गई है ।

# जयपुर शहर में यातायाता सुगम बनाने के लिए जेडीए बनाए नया इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर और पार्किंग करें सुव्यवस्थित-शर्मा

## प्रमुख मार्गों पर डबल यू-टर्न एवं फ्री लेफ्ट टर्न को लागू करें, शहर में अनियमित मीडियन ओपनिंग को जल्द करें बंद

**लोक टुडे । जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर में यातायात प्रबंधन एवं सुधार के लिए प्रगतिरत विभिन्न जेडीए प्रोजेक्ट्स को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस काम में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारी एवं निर्माणकर्ता के विरूद्ध परफॉर्मेंस एवं लिक्विडिटी पैनल्टी की कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने की कार्ययोजना को जेडीए एवं यातायात पुलिस संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र लागू करें। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर शहर के यातायात सुधार के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जेडीए को सीबीआई फाटक, सालिग्रामपुरा फाटक एवं सिविल लाइन फाटक आरओबी, गोपालपुरा एलिवेटेड रोड, सांगानेर एलिवेटेड रोड के काम को गति प्रदान करने एवं पूर्ण गुणवत्ता से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने जेएलएन मार्ग पर यातायात प्रबंधन का प्रभावी प्लान बनाने के भी निर्देश दिए।



**विभिन्न प्रोजेक्ट्स की डीपीआर शीघ्र हो तैयार:**
मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित अरण्य भवन-जगतपुरा एलिवेटेड रोड की डीपीआर को शीघ्र तैयार करने, अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी अंडरपास तथा राम मंदिर-रेलवे यार्ड-रेलवे सर्किल के बीच वैकल्पिक मार्ग के लिए प्रस्तावित आरओबी की ट्रैफिक दबाव का आकलन कर पुनः फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती एलिवेटेड कॉरिडोर की डीपीआर भी शीघ्र तैयार की जाए। शर्मा ने कहा कि महल रोड, सीकर रोड और न्यू सांगानेर रोड को सिग्नल फ्री बनाने एवं बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए डबल यू-टर्न बनाने की कार्ययोजना पर शीघ्र काम प्रारंभ किया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि आमजन को जाम से राहत दिलाने के लिए रामबाग चौराहे पर बनाई गई फ्री-लेफ्ट टर्न व्यवस्था को शहर के महत्वपूर्ण व्यस्ततम मार्गों एवं प्रमुख चौराहों पर भी लागू किया जाए।

**लेन निर्धारण एवं गोलचक्कर निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें :**
मुख्यमंत्री ने जेडीए को ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को संतुलित करने के लिए चिन्हित चौराहों पर लेन निर्धारण एवं गोलचक्कर निर्माण सहित आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेडीए एवं यातायात पुलिस को शहर के प्रमुख मार्गों पर अनियमित मीडियन ओपनिंग को जल्द बंद करने तथा यू-टर्न स्थानों को चिन्हित कर कार्यशील बनाने के लिए भी निर्देशित किया।

**विभिन्न सेक्टर रोड की कार्यवाही को दें गति :**
शर्मा ने प्रमुख चौराहों और बाजारों में पैदल यात्रियों को सुरक्षित रूप से सड़क पार करने के लिए नियंत्रित क्रॉसिंग व्यवस्था को विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए स्पष्ट संकेत बोर्ड, गति नियंत्रण एवं जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था की सुनिश्चितता के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महल रोड, डिग्गी रोड और कालवाड़ रोड पर स्कीमों की सेक्टर रोड की कार्यवाही को गति प्रदान की जाए। वहीं, जेडीए, नगर निगम और यातायात पुलिस को जयपुर शहर में पार्किंग से संबंधित सभी स्थानों के सुव्यवस्थित एवं नियमानुसार संचालन के निर्देश दिए।

**आमजन को यातायात नियमों के प्रति करें जागरूक :**
मुख्यमंत्री ने यातायात पुलिस को स्वयंसेवी संस्थाओं का साथ लेकर आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने एफएम के माध्यम से भी यातायात नियमों के प्रति जागरूकता संदेश प्रसारित करने एवं चालान के साथ संबंधित व्यक्ति को संक्षिप्त नियमावली भी प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री को यातायात पुलिस ने वीओसी मोबाइल एप से की जा रही प्रभावी कार्रवाई, आईटीएमएस, यातायात संचालन में ड्रोन तकनीक से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। शर्मा ने जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था के रीयल टाइम मैनेजमेंट के लिए नया इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर स्थापित करने की कार्ययोजना बनाने के लिए जेडीए, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को आपसी समन्वय से काम करने के विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा की दृष्टि से इस सेंटर को मॉडल सेंटर भी बनाया जाए। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, वित्त, परिवहन, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर जिला कलक्टर, जयपुर पुलिस कमिश्नर सहित यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केरल-असम सहित पांच राज्यों के चुनाव कांग्रेस-बीजेपी के लिए अहम

**लोक टुडे । जयपुर**

देश के पांच राज्यों केरल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडू और पंश्चिमी बंगाल में हो रहे विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत अहम है। चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आते है तो कांग्रेस की कई राज्यों में लगातार हार के बाद वापसी मानी जाएगी और इससे कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं में जोश का संचार होगा। खराब प्रदर्शन



होने पर कांग्रेस में बिखराव हो सकता है, पार्टी भी कमजोर होगी। वहीं बीजेपी के लिए चुनाव जीतना या गठबंधन का सफलता मिलना दोनों बेहतर होगा क्योंकि उनकी असम में सरकार है अन्य राज्यों में बीजेपी को अच्छी फरफोरमेंस की उम्मीद है। केरलम, असम और पुडुचेरी में 9 मार्च यानी आज मतदान हो रहा है । अन्य दो राज्यों में कहीं प्रचार थम गया तो कहीं पर मतदान की तैयारी चल रही है। केरलम, असम और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार का शोर थम चुका है और आज कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हो रहा है। अब कांग्रेस - बीजेपी का पुरा फोकस तमिलनाडु और बंगाल में प्रचार पर रहेगा।

शेष पेज 4 पर

# भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाए – मंत्री मदन दिलावर

**लोक टुडे । जयपुर**

मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि जल स्वावलंबन अभियान का मूल उद्देश्य समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके कारणों का विश्लेषण कर प्रभावी समाधान ढूंढना होगा। उन्होंने जल दोहन को नियंत्रित करने तथा अधिक से अधिक जल पुनर्भरण (वॉटर रिचार्ज) के उपाय अपनाने के कार्य करने के निर्देश दिए। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को बढ़ावा देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। दिलावर ने कहा कि जल स्तर बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण, चारागाह विकास, तालाबों एवं एनीकेट (छोटे बांध) का निर्माण, विलुप्त नदियों का पुर्नजीवित तथा अन्य जल स्त्रोतों का सृजन आवश्यक है। साथ ही, प्राकृतिक जल मार्गों में आई बाधाओं को दूर कर जल के प्राकृतिक प्रवाह को पुनर्स्थापित करना चाहिए। मंत्री दिलावर ने इस दिशा में सुझाव आमंत्रित करते हुए अब तक किए गए प्रयासों की सराहना की और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्री दिलावर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौ वंश के संरक्षण को लेकर कार्य योजना बनाने पर भी चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने कार्यशाला में पोलीथीन का इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने जल उपलब्धता के आंकड़े बताते हुए डार्क जॉन के खतरे से निपटने की दिशा में कार्य के भी निर्देश दिए। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी मौजूद रहे।

# जोधपुर में पानी के लिए बवाल, महिलाएं चढ़ीं पानी की टंकी पर, प्रशासन में मचा हड़कंप

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां पानी की गंभीर समस्या को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। शहर के पाबूपुरा इलाके में आज महिलाओं ने विरोध का अनोखा और जोखिम भरा तरीका अपनाते हुए पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र की महिलाएं पिछले 2 साल से पेयजल संकट से जूझ रही हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज महिलाओं ने आज टंकी पर चढ़कर जलदाय विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाने की मांग रखी और नीचे उतरने से इनकार कर दिया। महिलाओं के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तुरंत संबंधित थाना पुलिस पहुंची और हालात को संभालने की कोशिश की गई। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर सिविल डिफेंस टीम को भी बुलाया गया। प्रदर्शन कर रही महिलाएं लगातार नारेबाजी कर रही हैं और चेतावनी दे रही हैं कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे नीचे नहीं उतरेंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पानी की आपूर्ति बेहद अनियमित है, जिससे रोजमर्रा का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



**प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती**

अब प्रशासन के सामने महिलाओं को सुरक्षित नीचे उतारने के साथ-साथ जल संकट का स्थायी समाधान निकालने की चुनौती है। फिलहाल मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद है और महिलाओं को समझाने का प्रयास जारी है। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने महिलाओं को पेयजल विभाग के अधिकारियों से वार्ता कराई और आने वाले दिनों में पानी की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद टंकी पर चढ़ी महिलाएं टंकी से उतर गई। महिलाओं और स्थानीय लोगों का आरोप है कि वे लंबे समय से पीने के पानी के संकट से जूझ रही है। कई बार स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन दिए । लगातार शिकायतों के बावजूद पेयजल आपूर्ति नहीं सुधारी जा रही है। इसलिए परेशान होकर पानी की टंकी पर चढ़ी है। महिलाओं का कहना था कि पानी के अभाव में लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। खाना बनाने से लेकर नहाने तक के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कोई सुनने वाला ही नहीं है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को वे लोग कई बार बोल चुके है लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका।

## नंदघर केंद्र पर पोषण व शिक्षा को मिला बढ़ावा

**लोक टुडे। नागौर**

कस्बे के राईको की ढाणी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में संचालित नंदघर परियोजना केंद्र पर अनिल अग्रवाल फाउंडेशन एवं जतन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को बैग, पानी की बोतल व स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान क्लस्टर सुपरवाइजर जितेंद्र ने बताया कि नंदघर केंद्र बच्चों के समग्र विकास का मजबूत माध्यम बन रहा है। यहां नियमित रूप से रेसिपी ट्रायल, शाला पूर्व शिक्षा व स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 'उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों से बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ रही है और अभिभावकों का भी सकारात्मक सहयोग मिल

## अतिक्रमण से नाराज ग्रामीण, जाम की चेतावनी

**लोक टुडे। झालावाड़**



झालावाड़ जिले के डग तहसील क्षेत्र के ग्राम महुड़ीखेड़ा में ग्रामीणों ने चारागाह भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों के अनुसार, सारंगा खेड़ा पटवार हल्का के खसरा नंबर 260 की करीब 30 बीघा चारागाह भूमि पर एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर खाई खोद दी है। इससे क्षेत्र में विचरण करने वाले पशुओं की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। बजरंग दल के सुरेश कुमार ने बताया कि खोदी गई इस खाई में एक गाय गिर गई थी, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि भविष्य में अन्य पशु भी इस खाई में गिरकर हादसे का शिकार हो सकते हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत खाई को बंद कराने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे गोवंश और अन्य पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अतिक्रमण शीघ्र नहीं हटाया गया, तो वे सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में बगदु सिंह, जीवन सिंह, बालु सिंह, तूफान, महेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, जवान सिंह सहित महुड़ीखेड़ा ग्राम के कई ग्रामीण शामिल रहे।

# प्रतापगढ़ हथुनिया विद्यालय के टॉपर छात्रों का किया सम्मान

**लोक टुडे। प्रतापगढ़**

रा. उ. मा. वि. हथुनिया मे कक्षा 10 वीं व 12 वीं के छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालूराम जायसवाल मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माध्यमिक / प्रारम्भिक , विशिष्ट अतिथि रामप्रसाद रैदास जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक अध्यक्षतो रश्मि सेठी प्रधानाचार्या हथुनिया ने की अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप धूप से शुरूआत की गई विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के समक्ष स्वागत गीत प्रस्तुत किया मुख्य अतिथि का स्वागत देशपाल सिंह, रमेश चंद्र मीणा ने विशिष्ट अतिथि को प्रेम पारासर, हरीश बारोलिया ने अतिविशिष्ट अतिथि ज्योतिबाला सोमानी को दुर्गा यादव, नेहा औदीच्य ने, प्रधानाचार्या डाबड़ा मधुबाला चंदेल को मेघना दवे, मनीषा भटनागर ने, रिसोर्स पर्सन मनोहर मालवीय को श्यामलाल पाटीदार ने , विद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष अमजद खान पठान का भंवर लाल मीणा उपाध्यक्ष बालमुकुंद माली,सरपंच प्रतिनिधि झुझार मीणा, नूरमोहम्मद, चमन सिंह का स्वागत माला पहनाकर किया गया। विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय के 100 प्रतिशत परिणाम पर छात्रों को व शिक्षकों की पूर्ण मेहनत को बधाई व शुभकामनाए दी मुख्य अतिथि ने विद्यालय के टॉपर छात्रों को गार्गी पुरस्कार के लिए आवेदन करने तथा अन्य छात्रों को उनसे सिख लेना चाहिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए अमजद खान पठान ने विद्यालय मे छात्रों पर लगातार मेहनत का नतीजा उनका परिणाम बताया साथ ही छात्रों को अपने गुरुओं का मार्गदर्शन लेना चाहिए जिससे उत्तम शिखर पर पहुंच सके विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक भामाशाह के रूप मे घनश्यालाल कुमावत ने बोर्ड कक्षा टॉपर छात्रों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह व नकद प्रोत्साहन राशि 2100 रुपये अतिथियों के हाथों प्रदान किये गऐ समस्त अतिथियों, शिक्षक साथियों छात्रों को प्रधानाचार्या रश्मि सेठी की ओर से भोजन करवाया गया कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक हरीश बारोलिया ने किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया

## डग में पानी संकट पर नगरवासियों का ज्ञापन

**लोक टुडे। झालावाड़**

झालावाड़ जिले के डग नगर में मूलभूत समस्याओं को लेकर अधिशासी अधिकारी मनीष मीणा को नगरवासियों ने ज्ञापन देकर समाधान करने की मांग की । ज्ञापन में बताया कि नया वार्ड नं. 16 व पुराना वार्ड नं. 20 में लगभग सारी ट्यूबवेल खराब हो चुकी है। नल सप्ताह में एक बार आ रहे है। जिसके कारण वार्ड में पानी की बहुत समस्या है। गर्मी के चलते ट्यूबवेल को चालु किया जाए ताकि आमजन को असुविधा न हो। डोबड़ा रोड़ के मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से मांस-मटन की दूकाने धड़ल्ले से चलाई जा रही है जिसमें सलीम कसाई की 2 दूकाने पटवार घर से कुछ ही दूरी पर है। इससे कुछ दूरी पर भी यही कार्य अवैध रूप से किया जा रहा है। इसी रोड़ पर धार्मिक स्थल है तथा साधु संत एवं आमजन सभी निकलते है इस मार्ग पर प्रतिबंधित जानवरों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है। वहीं गढ़ी वाले हनुमान जी के मन्दिर का रास्ता भी बहुत खुर्द-बुर्द हो रहा है। जिसको सही करवाने की मांग की गई

## ग्राम नृसिंह बासनी में बंद पड़े रास्ते को खोल कर आमजन को दिलाई राहत

**लोक टुडे। नागौर**



श्उपखण्ड प्रशासन रियाबड़ी ने तहसीलदार अशोक कुमार के नेतृत्व में भूअ निरीक्षक आलनियावास व कोड पटवारी ने ग्राम नृसिंह बासनी में लम्बे समय से अवरुद्ध रास्ते को प्रार्थियों की उपस्थिति में आम समझाइश कर खुलवाया गया। तहसीलदार अशोक कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं का आपसी सहमति से निराकरण किया है साथ ही सम्बन्धितों को मौके पर रास्ता अवरूद्ध ने करने हेतु पाबंद किया गया है और भविष्य में यदि रास्ता अवरूद्ध किया जाता है तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## क्राइम फाइल्स

### साइबर ठगी के अलग-अलग प्रकरण में फरार 2 आरोपी गिरफ्तार

**लोक टुडे। उनियारा**

उनियारा उपखंड क्षेत्र में साइबर ठगी के अलग-अलग प्रकरण में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनियारा थाना अधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशी के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उप अधीक्षक वृत उनियारा श्रीमति आकांक्षा कुमारी के निर्देशन में उनियारा थाना क्षेत्र में साईबर अपराधो की रोकथाम के लिए पूर्व में दर्ज मुकदमा संख्या 15/2026 धारा 318(4), 319(2), 338(3), 340(2), 316(2) बीएनएस व 66C, 66D, आईटी एक्ट में करीब 3 माह से फरार आरोपी दीपक कुशवाह (23) पुत्र बाबू लाल कुशवाह जाति कुशवाह तथा मुकदमा संख्या 68/2026 धारा 318(4), 319(2), 61(2) (ए), बीएनएस 2023 व धारा 66D, आईटी एक्ट 2000 पुलिस थाना उनियारा में वांछित मुल्जिम लालचंद (21) पुत्र धनराज जाति कुशवाह दोनों निवासी गोडों की झोपड़िया थाना उनियारा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मुल्जिम दीपक कुशवाह द्वारा स्वयं के तथा परिचितों के अलग-अलग बैंक खातों में करीब 20 लाख रुपये साइबर ठगी के डलवाना स्वीकार किया है उन्होंने बताया कि अन्य साइबर ठगों के संबंध में पूछताछ के लिए न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। इस अवसर पर टीम में केदार कांस्टेबल, महेंद्र कांस्टेबल, विनोद कांस्टेबल थाना उनियारा शामिल रहे।

## कुत्ते ने मासूम का गाल नोंचा; 20 टांके आए

**लोक टुडे। बांसवाड़ा**



एक कुत्ते ने मासूम के चेहरे को बुरी तरह नोंच दिया। कुत्ते ने पांच साल की मासूम पर हमला कर चेहरे के एक तरफ की पूरी चमड़ी निकाल दी। मामला जिले के दानपुर क्षेत्र के कुंडल गांव में गुरुवार सुबह 10 बजे का है। कुत्ते ने बच्ची समेत तीन और लोग पर हमला कर घायल कर दिया। काव्यांशी के 20 टांके आए और अभी उसका इलाज बांसवाड़ा के सरकारी हॉस्पिटल में चल रहा है। कुंडल निवासी लक्ष्मण अपनी पत्नी और 5 वर्षीय बेटी काव्यांशी के साथ दानपुर कस्बे में किराए का कमरा लेकर रहता है। लक्ष्मण की कुंडल कस्बे में ही किराणा की दुकान है। सुबह काव्यांशी घर के आंगन में खेल रही थी। इसी दौरान कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और मुंह को नोंच दिया। बेटी की आवाज सुन मां बाहर आई और कुत्ते को भगाया। इस हमले में कुत्ते ने काव्यांशी के एक तरफ चेहरे को बुरी तरह से नोंच दिया था। होठ के ऊपर वाले हिस्से की चमड़ी तक बाहर आ गई थी।

**काम से आए दो अन्य लोग भी शिकार:** इसी दौरान दानपुर कस्बे में काम से आए दो अन्य ग्रामीण भी इस कुत्ते का शिकार बने। बारी निवासी मांगु बाई पत्नी कालु और कलवानी निवासी प्रभुलाल पर भी कुत्ते ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। तीनों घायलों को तत्काल दानपुर पीएचसी (ढलड) ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बांसवाड़ा के सरकारी हॉस्पिटल में रेफर गिया गया था। जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**चेहरे पर आए 20 टांके:** डॉ. हर्ष चौधरी ने बताया कि काव्यांशी के चेहरने पर गहरा घाव है। थोड़ा और यदि कुत्ते ने नोंच लिया होता तो होठ और नाक तक कट सकते थे। इस केस में घाव के बीच जगह देकर टांके लगाए जाएंगे। ताकि इंफेक्शन न फैले। अभी उसकी हालत ठीक है। 20 टांके आए है और वार्ड में एडमिट है। इधर, जब मां ने अपनी बेटी की हालत देखी तो वह बेसुध हो गई। हॉस्पिटल परिसर में ही वह रोने लगी। जैसे-तैसे उसे लोगों ने संभाला।

# मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने पकड़ी सड़क निर्माण में गड़बड़ी, ठेकेदारों में मचा हड़कंप

**लोक टुडे। जयपुर**

कभी नकली खाद- तो कभी नकली बीज और कभी मिलावटी और नकली रसायनों की फैक्ट्रियों पर छापे मारने वाले राजस्थान के छापामार मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना एक बार फिर सुर्खियों में है इस बार डॉक्टर साहब ने किसी खाद- बीज की दुकान या फैक्ट्री पर छापा नहीं मारा है। बल्कि छापा मारा है सड़क निर्माण के कार्य पर, जी हां जहां सड़क बनाने वाली कंपनियां और ठेकेदार किस तरह से बजरी के स्थान पर मिट्टी और गिट्टी के स्थान अन्य मिलाकर सड़के बना रहे हैं। कई बार लोगों ने डामर की ताजा बनी बनाई सड़कें भी उखाड़ कर बताई कि किस तरह से ये सरकार के पैसों का चुना लगा रहे है इस बार खुद मंत्री जी पहुंच गए जहां सड़क बन रही थी जिस प्लांट से सड़क बनाने की सामग्री सप्लाई हो रही थी बस फिर क्या था ठेकेदार और उसके आदमी मौके से काम छोड़कर भाग खड़े हुए,लेकिन गड़बड़ी पकड़ी गई। क्या सरकार आरोपी ठेकेदार पर कार्रवाई करेगी



## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शिकायत पर मारा मंत्री जी ने छापा

सड़क निर्माण को लेकर आए दिन अनियमितताओं की शिकायतें आती रहती है। लेकिन कभी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती बल्कि सत्ता में बैठे मंत्री विधायक यह कहकर टाल देते है ये तो विपक्ष के आरोप है आरोप का क्या लेकिन आज किसी ठेकेदार या फर्म का लाइसेंस केंसिल किया गया ये समझ से परे है । इस बार बीजेपी कार्यालय में कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना जी गए तो वहां कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महेश प्रजापत ने सहज भाव से मंत्री जी को उलाहना दे दिया... कि मंत्री जी आपके रहते हमारे गांव भोलू का पुरा जो टोडाभीम और महुवा के आस-पास पड़ता है ।वहां सड़क निर्माण हो रहा है वो बहुत घटिया हो रहा है ।मंत्री जी ने गंभीरता से बात सुनी और भरोसा दिलाया कि चैक करेंगे । दो दिन बाद ही मंत्री जी पहुंच गये भोलू का बास और सड़क निर्माण के काम में ली जा रही सामग्री को चैक किया तो देखा कि प्लांट में बजरी के स्थान पर गीली मिट्टी मिलाई जा रही थी ।रोड़ी के स्थान पर रोड़ी का बुरादा और सीमेंट भी सबसे घटिया कंपनी की थी । ये देखकर मंत्री जी से रहा नहीं गया और उन्होंने खुद एक - एक चीज का निरीक्षण किया। साथ में मौजूद लोगों से पुछा गिली मिट्टी के ढ़ेर लगे थे जिसे सड़क बनाने के काम लिया जा रहा था। रोड़ी और काली मिट्टी मिलाकर साथ में कुछ मात्रा में घटिया गुणवत्ता की सीमेंट मिलाकर सड़क बनाई जा रही थी। मंत्री ने वहां मौजूद अधिकारियों से कहा कि सबकी जांच करो। क्या ये सड़क निर्माण में सभी मापदंडों को पुरा कर रहा है। इस पर मौजूद अधिकारी भी बगले झांकने लगे। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार और कंस्ट्रक्शन कंपनी की पोल खोल कर रख दी। इस पर मंत्री जी ने वहां मौजूद अधिकारियों से कहा जो सड़क बनाई है उसे उखाड़ कर फिर से बनाया जाए और भविष्य में सही सामग्री का उपयोग किया जाए। शहर में भी बन रही है इसी तरह की सड़क जयपुर शहर में इन दिनों सड़कें बनाई जा रही है सांगानेर के मांग्यावास रोड़ और मान्यावास की कॉलोनियों में सड़के बनाई जा रही है ।यहां भी बजरी के स्थान पर मिट्टी मिलाई जा रही है। डामर की नई सड़के बनने के साथ ही उखड़ने लगी है.।लोगों का कहना है कि ये सड़के मुख्यमंत्री जी ने बनवा तो दी लेकिन पहली बरसात भी झेल पाएगी या नहीं कह नहीं सकते। क्योंकि सड़क निर्माण के कुछ दिनों में ही डामर की सड़कों से रोड़ी निकलने लगी है। जिससे साफ है कि ठेकेदार न तो सही मात्रा में डामर मिलाई और न ही बजरी जिसके चलते अभी से ये हालात है। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के छापेमार कार्रवाई से ठेकेदार टेंशन में तो है लेकिन उनकी विभाग के अधिकारियों से इतनी सांठ- गांठ है कि उनका बिगड़ने वाला कुछ नहीं है। यदि ठेकेदार ईमानदारी से काम करे तो ये सड़के लंबे समय तक चले ।लेकिन ठेकेदार को न जाने- किस- किसको कमीशन देना पड़ता है जिसके चलते वो गुणवत्ता का ध्यान ही नहीं रखता ।

# 4 महीने बाद भी नहीं बनी नालिया



**लोक टुडे। झालावाड़**

झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के ओसवाल दालमिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टेंड को जोड़ने वाली मुख्य नवनिर्मित सड़के अटल पथ पर नालियों का निर्माण नहीं हुआ जिससे आम नागरिक, दो पहिया वाहन चालक काफी परेशान है। सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण नहीं होने गन्दे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है,` पानी की निकासी नहीं होने के कारण पुलिस चौकी भवन में जाने लगा है नालियों का गंदा पानी यदि समय पर नालियों का निर्माण नहीं हुआ है तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कस्बे के ओसवाल दालमिल से बस स्टेंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़के अटल पथ सीसी सड़क को बने हुए करीब 4 से 5 महीने हो गए हैं, लेकिन अभी तक नालियों का निर्माण नहीं हुआ सड़क निर्माण के साथ साथ नाली का भी निर्माण किया जाना चाहिए था। मुख्य सड़क के दोनों तरफ की नालियां नहीं बनने से पूरे मोहल्ले की नालिया हुई जामे , निगम कॉलोनी, बस स्टैंड रोड तथा पूरे मोहल्ले की पानी के निकासी नहीं होने के कारण सारी नालिया गंदे पानी से भरी हुई है जिसके कारण पूरे मोहल्ले वासियों व पुलिस चौकी में` पुलिस जवानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों की मांगे जल्द से जल्द नालिया निर्माण करवाया जाए। पुलिस चौकी प्रभारी ने सार्वजनिक निर्माण को अवगत करायो व शीघ्र नाली निर्माण करने की मांग की है यहां तक कि ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते निगम कालोनी की नालिया 6 माह से साफ नही हुई और ना ही कोई सफाई कर्मचारी आता है गंदगी के चलते बिमारिया फैलने का डर भी लगा हुआ है

# विश्व नवकार दिवस पर अग्रवाल धर्मशाला में गूंजा शांति का स्वर

**लोक टुडे। झालावाड़**

झालावाड़ जिले के चौमहला मे विश्व नवकार दिवस पर सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक नवकार मंत्र जाप का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुषों बच्चो ने भाग लिया,कार्यक्रम में जैन समाज के अलावा अन्य समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भी भाग लिया। राज्य सरकार के आदेशानुसार कस्बे के निजी व सरकारी स्कूलों में भी नवकार मंत्र के जाप किए गए, स्कूलों में एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक आदिनाथ पखवाड़ा मनाया जा रहा है। नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र माना जाता है, जिसे मंत्रों का रत्न कहा गया है। इसकी विशेषता यह है कि यह किसी एक देव, गुरु या व्यक्ति की नहीं, बल्कि अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु जैसे श्रेष्ठ गुणों की वंदना करता है। यही कारण है कि यह मंत्र आत्मशुद्धि, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। मान्यता है कि इसके जाप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और तनाव व अशांति दूर होती है। ऐसे ही वैश्विक संदेश के साथ विश्व नवकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलित कर की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर पाक तस्करों ने ड्रोन से गिराई हेरोइन, 4 आरोपी गिरफ्तार

**लोक टुडे श्रीगंगानगर**

श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के दिशा-निर्देश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध हथियारों की धरपकड़ तथा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत 06 अप्रैल 2026 को श्रीकरणपुर पुलिस थाना में तैनात एसआई माला सिंह ने अपनी पुलिस टीम व बीएसएफ की 163 बटालियन के एसआई एंव बीएसएफ की 3 एफसी चौकी प्रभारी अतुल शर्मा व बीएसएफ के हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार ने अज्ञात आ-रोपियों से ड्रोन द्वारा पाकिस्तान से मंगवाई गई 2 किलो 340 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक काले रंग का बैग, एक जैकेट, एक गर्म शॉल, एक लोवर, दो जोड़ी जुते बरामद कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मु.नं. 76/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत दर्ज कर मालमले जांच समेजा कोठी थाना अधिकारी कृष्ण कुमार को सौंपी गई थी। इस मामले में 08 अप्रैल 2026 को जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने थाना स्टाफ की गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एंव मुखबीर की सूचना पर इस मामले में लिप्त चार आरोपियों को दबोचने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने बताया कि तस्करी के इस मामले में गुरचरण सिंह उर्फ राजू पुत्र होशियार सिंह निवासी गांव रामपुरा राईका, राजेद्र सिंह उर्फ जिंद्र पुत्र मलकीत सिंह निवासी गांव बिटला, मनदीप उर्फ मनी पुत्र लाल सिंह निवासी गांव रायपुर गुजरा पुलिस थाना मेंहतपुर तहसील जिला जालंधर पंजाब व नरेंद सिंह उर्फ काका पुत्र छिन्द्र सिंह निवासी काटगढ पुलिस थाना चक बरोका तहसील जलालाबाद जिला फाजिल्का पंजाब को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार को जप्त किया गया है। इस प्रकरण में गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ जारी है। पूछताछ में तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

## क्राइम फाइल्स

# मां ने डांटा तो बेटी ने टॉयलेट क्लीनर पिया

**लोक टुडे। कोटा**

कोटा में दसवीं कक्षा की एक छात्रा ने टॉयलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने तुरंत छात्रा को पहले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर छात्रा को कोटा के जेके लोन अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। छात्रा स्कूल से आने के बाद मोबाइल फोन चला रही थी। जब उसकी मां ने उसे मोबाइल चलाने से मना किया, तो वह नहीं मानी। इसके बाद मां ने फोन छीनकर अपने पास रख लिया। इससे नाराज होकर छात्रा ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। यह घटना सुकेत थाना क्षेत्र की है। छात्रा के मामा ने बताया- मेरी भांजी (16) दसवीं कक्षा में पढ़ रही है। स्कूल से आते ही वह फोन चला रही थी। वह अक्सर ऐसा ही करती है। स्कूल से आने के बाद घंटों फोन चलाती थी। मेरी बहन ने उसे कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। बुधवार दोपहर को मेरी बहन ने भाजी से फोन छीनकर अपने पास रख लिया। इसके बाद नाराज होकर भांजी ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। उसे कोटा के जेके लोन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। सुकेत थाना के कांस्टेबल नरेश ने बताया- अभी फिलहाल इस प्रकार की कोई जानकारी या शिकायत हमारे थाने में नहीं आई है। अगर आती है तो पूरी जांच की जाएगी। जेके लोन की अधीक्षक निर्मला ने बताया- बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारी टीम उसकी पूरी देखभाल कर रही है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।

# घर के बाहर बैठी महिला को वैन ने कुचला, मौत

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को वैन ने कुचल दिया। वैन उन्हें करीब 15 फीट तक घसीटते हुए ले गई। आसपास खड़े लोगों ने पीछे हटकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद ड्राइवर वैन छोड़कर भाग गया। गंभीर घायल महिला को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर करीब 1 बजे महेश नगर थाना इलाके में चौधरी कॉलोनी की है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। सांस लेने में तकलीफ होने पर घर के बाहर बैठी थी, अरकमहेंद्र सिंह ने बताया- महेश नगर के करतारपुरा स्थित चौधरी कॉलोनी की रहने वाली कलावती गुर्जर (63) को अस्थमा था। सांस लेने में परेशानी होने पर बुधवार दोपहर वे घर के बाहर आकर बैठ गई थीं। पास वाले घर में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था और बाहर सीमेंट पड़ा था। दो लोग भी खड़े थे, जिनसे महिला बात कर रही थी। गली में कुछ दूरी पर एक वैन खड़ी थी। ड्राइवर ने वैन स्टार्ट की और महिला की तरफ जाते हुए टक्कर मार दी। वैन महिला को घसीटते हुए उसके ऊपर से निकल गई। वहीं पास में खड़े दो लोग पीछे हटे तो उनकी जान बच गई। हादसे के बाद आस-पड़ोस में रहने वाले लोग घरों से बाहर आ गए। महिला को तुरंत प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए शव को जयपुरिया हॉस्पिटल भेजा गया। गुरुवार को शव परिवार को सौंप दिया। कलावती के पति हनुमान सहाय का करीब एक महीने पहले ही बीमारी के कारण निधन हुआ था। उनके 3 बेटे हैं।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वैन को जब्त कर लिया है। उउळश फुटेज के आधार पर ड्राइवर की तलाश की जा रही है।




PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com



जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026

# मेट्रो फेज-2 जयपुर शहर के विकास का ग्रोथ इंजन साबित होगा- भजनलाल

**आमेर, जगतपुरा, बगराना एवं आईएसबीटी हीरापुरा तक मेट्रो विस्तार प्रस्तावित**



**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो फेज-2 जयपुर शहर के समग्र विकास का ग्रोथ इंजन सिद्ध होगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इस फेज की मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा एवं वीकेआई को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आमजन को सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं विस्तार को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने प्रहलादपुरा से टोडी मार्ग तक विकसित होने वाले इस फेज को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के आधार पर चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने तथा इसके पहले पैकेज (प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक) के वर्क ऑर्डर शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अन्तर्गत डिपो निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने तथा पार्किंग सुविधाओं के समुचित विकास के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो परियोजनाओं का निर्धारित समय-सीमा एवं नियंत्रित लागत के साथ विकास आवश्यक है। उन्होंने फेज-1सी (बड़ी चौपड़-ट्रांसपोर्ट नगर) एवं फेज-1डी (मानसरोवर-अजमेर रोड चौराहा) की परियोजनाओं को गति देने के भी निर्देश दिए।शर्मा ने जनसंख्या घनत्व एवं ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखते हुए भविष्य में दिल्ली रोड एवं सीकर रोड सहित अन्य मार्गों की दिशा में मेट्रो विस्तार की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुर के प्रमुख मार्गों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाए। आमेर, जगतपुरा, बगराना (आगरा रोड) एवं आईएसबीटी हीरापुरा तक मेट्रो विस्तार के मास्टर प्लान का प्रस्तुतीकरण बैठक में बजट वर्ष 2025-26 की अनुपालना एवं मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार आमेर, जगतपुरा, बगराना (आगरा रोड) एवं आईएसबीटी हीरापुरा तक मेट्रो विस्तार के मास्टर प्लान का प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने जेडीए एवं जयपुर मेट्रो को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए बहुद्देशीय एलिवेटेड रोड परियोजना के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास विभाग, जयपुर मेट्रो कॉपोरेशन, जेडीए एवं जयपुर जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नांवा में अधिवक्ताओं का उग्र विरोध न्यायालय परिसर में हंगामा

**लोक टुडे। नांवा सिटी**



उपखंड मुख्यालय नांवा में गुरुवार को अभिभाषक संघ के बैनर तले अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायालय परिसर में हंगामा किया और उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बुधवार को उपखंड न्यायालय नावा में हुई एक विवादित घटना के बाद वकीलों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अभिभाषक संघ के अनुसार, अधिवक्ता कमलेश कुमार टाक एक प्रकरण में पैरवी के लिए न्यायालय पहुंचे थे। इसी दौरान न्यायालय के रीडर पर प्रतिवादी पक्ष की ओर से पैरवी करने का आरोप लगा। विरोध करने पर रीडर द्वारा कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग, गाली-गलौच और मारपीट पर उतारू होने की होने के ज्ञापन में आरोप लगाए गए। इस दौरान न्यायालय परिसर में मौजूद कई पक्षकारों ने पूरे घटनाक्रम को देखा, जिससे अधिवक्त-ाओं की गरिमा को ठेस पहुंची। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के समय पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित थे, इसके बावजूद रीडर द्वारा इजलास लगाया गया, जो न्यायिक नियमों के विरुद्ध है। साथ ही न्यायालय में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने रीडर को तत्काल हटाने, निष्पक्ष जांच कराने और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की मांग की। अभिभाषक संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने तक सभी अधिवक्ता न्यायालय कार्य का बहिष्कार करेंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर ओसवाल न्यात की पोल में गुंजा नवकार मंत्र

**लोक टुडे। नागौर**



विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 8:00 से 9:30 बजे तक श्री ओसवाल न्यात की पोल कांच के मन्दिर के पास नागौर में सकल जैन समाज नागौर के तत्वावधान में आयोजित किया गया इस अवसर पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष ज्ञानचंद सिंधवी उपाध्यक्ष सुरेश ललवानी अमी चंद सुराणा रीखबचन्द नाहटा ,निर्मल चंद सुराणा तपागचछ श्री संघ के सचिव स्वदेश बांठिया, अभय कुमार समदड़िया, कमल चंद कोठारी, श्री खरतरगच्छ संघ उपाध्यक्ष केवलराज बच्छावत, प्रदीप डागा, विकास बोथरा,शांतिलाल चौधरी, नरेंद्र संखलेचा,डॉक्टर धर्मचंद बरडिया, हरक चन्द ललवानी, विमल चन्द्र नाहटा, लोकेश कोठारी, सहित सेंकडो धर्म प्रेमी महानुभावों ने भाग लिया इस दिव्य अवसर पर नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप में सहभागी सेकडो श्रावक -श्राविकाओं एवं बच्चों इस अवसर पर मौजूद थे। इस पावन दिवस पर परम पुज्या विचक्षण ज्योति प्रवर्तिनी श्री चंद्रप्रभा श्रीजी श्री विजयप्रभाश्रीजी म.सा.साहब की सुशिष्या साध्वी श्री विदयशा श्रीजी म. सा. इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र माना जाता है, जिसे मंत्रों का रत्न कहा गया है। इसकी विशेषता यह है कि यह किसी एक देव, गुरु या व्यक्ति की नहीं, बल्कि अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु जैसे श्रेष्ठ गुणों की वंदना करता है। यही कारण है कि यह मंत्र आत्मशुद्धि, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। मान्यता है कि इसके जाप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और तनाव व अशांति दूर होती है। अपने जीवन में शांति, सुख और सकारात्मक ऊर्जा का संचार के लिए प-रवार व समाज के मंगल हेतु नवकार महामंत्र का जाप करें नवकार महामंत्र में अद्भुत शक्ति है जीवन को सफल बनाने के लिए महामंत्र का जाप करें। एंव अन्त में जैन साध्वी के द्वारा मांगलिक पाठ का श्रवण कराया गया मंच संचालन सुरेश ललवानी ने किया। इस अवसर पर 11 लकी ड्रॉ खोले गए इसके पुरस्कारों का लाभ ज्ञानचंद अर्जुन कुमार सिंघवी परिवार ने लिया श्रीजैन श्वेताम्बर सकल जैन समाज नागौर द्वारा प्रभावना का वितरण किया गया

# पालतू पशु की मौत पर प्रभात सिनेमा के पास भारी बवाल, दो पक्षों में जमकर मारपीट और तोड़फोड़

**लोक टुडे। अजमेर**




राजस्थान के अजमेर जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रभात सिनेमा के पास बुधवार देर रात एक पालतू पशु की मौत को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। आरोप-प्रत्यारोप से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और तोड़फोड़ में बदल गया, जिससे पूरे इलाके में तनाव फैल गया।

**विवाद की जड़: पशु को जहर देने का आरोप:**

जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरूआत तब हुई जब प्रभात सिनेमा क्षेत्र के निवासी अनिल गुर्जर के एक पालतू मवेशी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। अनिल पक्ष ने अपनी पड़ोसनी मीता गौतम पर पशु को जहर देकर मारने का गंभीर आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच मवेशी को लेकर पहले से ही मनमुटाव चल रहा था।

**हिंसक हुआ टकराव, घर में घुसकर तोड़फोड़:**

जैसे ही यह खबर फैली, तनाव बढ़ गया। जब मीता के समर्थन में वकील अमिता और उनके पति पिंटू आए, तो अनिल पक्ष के लोग उग्र हो गए। आरोप है कि भीड़ ने उनके घर पर हमला कर दिया, खिड़कियों के कांच तोड़ दिए और उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली और क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

**थाने में हाई-वोल्टेज ड्रामा:**

देर रात दोनों पक्ष कोतवाली थाने पहुंचे, जहां भारी हंगामा हुआ। इस दौरान हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी वहां जमा हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर मामला शांत कराया।

**जांच में पेच:**

**पोस्टमार्टम के बिना कार्रवाई चुनौतीपूर्ण:**

पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है, लेकिन एक बड़ी चुनौती यह है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही नगर निगम की टीम मृत पशु का शव उठा ले गई थी। बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट के जहर देने के आरोप की पुष्टि करना फिलहाल मुश्किल है। एएसपी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि पुलिस मारपीट और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की गहनता से जांच कर रही है।

# ब्यावर नगर परिषद के 5 कर्मचारियों को पदोन्नति

**लोक टुडे। ब्यावर**



नगर परिषद सभागार में परिषद अधिकारियों व कर्मचारियों ने 5 कर्मचारियों के पदोन्नत होने पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में परिषद कर्मी जुंजारसिंह, सुरेश काठात, मुकेश जैन, अजय सांगेला व नीतू शर्मा को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। ज्ञातव्य है कि राजस्थान स-रकार के स्थानीय निकाय विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में नगर परिषद के कुल 5 कर्मचारियों को पदोन्नत किया। इनमें तीन कर्मचारियों को वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोनति दी गई, जबकि दो कर्मचारियों को कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नत किया। आयुक्त श्रवण राम चौधरी ने बताया कि उपनिदेशक (क्षेत्रीय) रीना सिंघवी ने पत्र जारी कर बताया कि पदोन्नति प्रक्रिया निर्धारित नियमों के तहत पूरी की गई। बैठक में पात्र कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड और वरिष्ठता के आधार पर निर्णय लिया। ऐसे में संबंधित कर्मचारियों के पदोन्नति प्रकरण के साथ आयुक्त के नेतृत्व में लेखाधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, नजूल शाखा प्रभारी और संस्थापन लिपिक अजमेर में उपस्थित हुए। परिषद कर्मी जुझार सिंह, मुकेश जैन और सुरेश काठात को वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी पद पर व नीतू शर्मा और अजय सांगेला को कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई।

इन पांच राज्यों में कांग्रेस, बीजेपी ने नेताओं ने पुरी ताकत झौंकी है। पश्चिमी बंगाल को जीतने के लिए पीएम मोदी और अमित शाह की साख दांव पर लगी है और उन्होंने पुरी ताकत लगाई है। कांग्रेस के राहुल गांधी ने यहां गठबंधन सरकार के लिए प्रचार किया। अब बात करते हैं आखिर इन पांच राज्यों के चुनाव से कांग्रेस पार्टी की सियासत पर क्या फर्क पड़ेगा. दरअसल इन राज्यों की चुनावी लड़ाई कांग्रेस के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है। क्योंकि लगातार कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा. खासतौर से महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा में मिली शिकस्त से कांग्रेस काफी कमजोर हो चुकी है । ऐसे में सियासी बूस्ट अप के लिए कांग्रेस अब इनमें से कुछ राज्यों में जीत हासिल करते हुए वापसी करना चाहती है । जिससे कांग्रेस पार्टी के टूट चुके या हताश हो रहे कार्यकताओं में जोश का संचार हो सके।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)